# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से लेकर नक्सलवाद तक बहुत सी हिंसक चुनौतियों का सामना किया है लेकिन आज नक्सलवाद और माओवाद का प्रभाव तेजी से कम हो रहा है। संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पहले के लाल गलियारे अब विकास के हरित क्षेत्र में परिवर्तित हो रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि देश के बहुत से जिले आज नक्सलवाद से मुक्त हैं।

*****************

झारखंड में माइनिंग टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए आज झारखंड पर्यटन विकास निगम जेटीडीसी और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड सीसीएल के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम से देश की पहली माइनिंग टूरिज्म परियोजना की शुरुआत मानी जा रही है। इस पहल के तहत पतरातु वैली, नॉर्थ यूरिमारी सेक्टर और भुरकुंडा जैसे स्थानों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। मौके पर मंत्री ने बताया कि भविष्य में बीसीसीएल, सेल और बोकारो स्टील प्लांट से भी साझेदारी की जाएगी।

*****************

सावन की दूसरी सोमवारी पर राजधानी रांची समेत राज्य के सभी शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रांची के पहाड़ी मंदिर में भक्त कल रात से ही स्वर्णरेखा नदी से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल और संगठनों के कार्यकर्ता व्यवस्था संभाल रहे हैं।

इधर उपराजधानी दुमका के बाबा बासुकीनाथ धाम में भी सावन की दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि मेला क्षेत्र और कांवरिया पथ को फूलों और शेड से सजाया गया है तथा 700 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।

सावन की दूसरी सोमवारी पर खूंटी के मिनी बाबाधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बाबाधाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस सहायता केंद्र की समुचित व्यवस्था की गई है।

उधर कोडरमा के चंदवारा प्रखंड में पहली बार भव्य जलयात्रा का आयोजन हुआ। पहली जलयात्रा को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया और मेले जैसा माहौल रहा।

*****************

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में चतरा को देशभर में 1410वां और झारखंड में 37वां स्थान मिला है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार चतरा को कचरा उठाव में 63 प्रतिशतः, आवासीय व बाजार क्षेत्र की सफाई में 100ः प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

**********************

धनबाद जिले की पुलिस ने शहरी क्षेत्र में पेट्रोलिंग का दायरा बढ़ाया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

सरायकेला–खरसावां के आदित्यपुर में आपसी संबंधों के विवाद को लेकर पत्नी ने पति की हत्या कर दी और बच्चों को लेकर फरार हो गई थी। पुलिस ने मामले की जांच कर उसे गिरिडीह से गिरफ्तार कर लिया है।

*********समाप्त*********